
हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025
बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 अशासकीय विद्यालय संचालक समिति ...

10 सुख-समृद्धि के दाता हैं प्रथम पूज्य भगवान गणेश


B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# गंभीर मामलों में मोबाइल, सीसीटीवी, डिजिटल डिवाइस से जुटाएं तकनीकी सबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय सभा कक्ष में साइबर सेल की समीक्षा बैठक लेकर साइबर अपराधों से निपटने की रणनीति पर गहन चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि गंभीर व संदेहास्पद अपराधों में अधिकतम तकनीकी साक्ष्य का संकलन अत्यंत आवश्यक है और इन साक्ष्यों के माध्यम से ही अपराधियों को सजा दिलाना संभव हो पाएगा।

बैठक में एसपी ने साइबर टीम को निर्देश दिया कि मोबाइल कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर से प्राप्त डिजिटल डेटा को संग्रहीत कर विवेचना का मजबूत आधार बनाएं। इसके साथ ही उन्होंने जिले में सूखे नशे (टैबलेट, गोलियाँ आदि) की अवैध बिक्री पर चिंता जताते हुए ऐसे नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, निरीक्षक प्रणाली वैद्य (प्रभारी – साइबर सेल) एवं साइबर टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने अंत में कहा कि आधुनिक तकनीक और सतर्कता के समन्वय से साइबर व नशे के अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है और इसके लिए हर अधिकारी को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना होगा।

## नशीली गोलियों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई, अपराधियों पर रखें सतत निगरानी

### नशीली दवाओं पर जीरो टॉलरेंस नीति

एसपी भावना गुप्ता ने जिले में नशीली दवाओं की बिक्री से जुड़े अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए साइबर सेल को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे की गोलियाँ और टैबलेट युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रही हैं, ऐसे में पुलिस का यह दायित्व है कि इस कड़ी को समय रहते तोड़ा जाए।



### संपत्ति संबंधी अपराधियों की गतिविधियों पर रखी जाए नजर

बैठक में एसपी ने यह भी निर्देश दिए कि चोरी, नकबजनी और अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों में पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधी पुनः वारदातों को अंजाम देने की कोशिश करते हैं, जिससे पहले ही सतर्क रहना आवश्यक है। स्थानीय स्तर पर सूचना तंत्र को भी मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब पहुंचे सुन्द्रावन



**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम सुन्द्रावन पहुंचे कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब गांव के वरिष्ठ नागरिक चैतराम पुरेना के आकस्मिक निधन की सूचना पर पहुंचे खुशवंत साहेब उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की चैतराम की अंतिम संस्कार सतनामी समाज की रीति रिवाज अनुसार किया गया । अंतिम संस्कार में जय सतनाम जय सतनाम का जयकारा करते हुऐ गांव के ही मुक्तिधाम अंतिम संस्कार गृह ग्राम सुन्द्रावन में किया गया। खुशवंत साहेब ने कहा कि पुरेना के निधन से समाज एवं गांव को बहुत ही क्षति पहुंची है। शोकाकुल परिवार व उनके पुत्र ऋषभ से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं ग्रामीण ऊनके अंतिम संस्कार में भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित किये ।

### ऑटो की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** परसकोल रमनटोला में ऑटो की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 3 निवासी लकेश्वर प्रसाद शर्मा पिता कृष्ण कुमार शर्मा 28 अगस्त की शाम किसी काम से अपनी मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 जीजेड 3609 में अपने दोस्त के पास रमनटोला गया था। काम खत्म करके वापस घर अयोध्या नगर आ रहा था, तभी परकोल रोड महावीर पार्क के सामने बरोंडा चौक महासमुंद से परसकोल की ओर जा रही बिना नंबर की इलेक्ट्रिक ऑटो के चालक हरिशंकर साहू निवासी कौंदकेरा ने अपने वाहन आटो को तेज गति, लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग चलाते सामने से बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे लकेश्वर गिरकर घायल हो गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मो. व्ही. एक्ट, 125(ए) , 281 बीएनएल के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में जल विवाद की आशंका, कानून व्यवस्था पर भी संकट

# वर्षा की कमी से फसलें संकट में कांग्रेस ने जल संकट पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, टेल एरिया तक सिंचाई जल पहुंचाने की मांग

लगातार घटती बारिश और जल संकट से किसानों की फसलें अब सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। इस गंभीर स्थिति को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और तत्काल सिंचाई जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिले के बीबीसी, एलबीसी सहित अनेक माइनर नहरों के अंतिम छोर (टेल एरिया) तक पानी नहीं पहुंच पा रहा, जिससे सैकड़ों किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है।



### इन गांवों में सबसे ज्यादा संकट

ज्ञापन में बताया गया कि ठेलकी, खपरी, पुरान, दशरमा, पहंदा, रसेड़ा, मोहतरा, लटुवा, मेढ़, टोनाटार, कोईलारी, डमरू और भाठागांव जैसे गांव गंभीर रूप से जल संकट से प्रभावित हैं। कुकुरदी, कुम्हारी और छुईहा जलाशयों से टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा, जिससे धान की फसलें मुरझा रही हैं।

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने चेताया कि अगर पानी की व्यवस्था नहीं की गई, तो ग्रामीणों के बीच जल विवाद की स्थिति बन सकती है, जो कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन जाएगी। साथ ही, उन्होंने कुम्हारी टैंक से सुहेला तक बनी नहर का जिक्र करते हुए बताया कि एग्रीमेंट व निर्माण कार्य अधूरा होने से गुर्रा क्षेत्र के किसान सिंचाई से वंचित हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, शहर मंडल अध्यक्ष गोल्डी मरैया, वरिष्ठ नेता संदीप पांडेय, एनएसयूआई पदाधिकारी सूर्यकांत वर्मा, मनीष साहू, करण सेन, जनेन्द्र नायक, जय सिंह ठाकुर, राहुल नेगी, जय बघमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**राजनीतिक प्रतिनिधियों की प्रमुख मांगें:** कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने भू-अर्जन की अड़चनों को शीघ्र दूर करने, टेल एरिया तक पानी पहुंचाने और नहर निर्माण में तेजी लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र पर्याप्त जल प्रवाह सुनिश्चित नहीं किया गया, तो क्षेत्र में कृषि संकट और किसान आक्रोश दोनों बढ़ सकते हैं।

# बांस करील और पिका के अवैध परिवहन पर कार्रवाई

## आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार, बांस करील एवं पिका के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्रवाई जारी है। महराजी सर्कल के वन कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों की नियमित गश्त के दौरान ग्राम गिरौदपुरी के निवासी प्रवीण कुमार पटेल को अवैध रूप से मोटरसाइकिल में बांस करील एवं पिका लेकर जाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी इस कार्रवाई में आरोपी का वाहन जब्त किया गया और पीओआर दर्ज किया गया। साथ ही अवैध सामग्री को नियमानुसार गड्ढा खोदकर नष्ट कर दिया गया। आगामी विभागीय कार्यवाही प्रचलित है। वन विभाग की यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन पर कड़ी चेतावनी है। विभाग नेप्रतिबद्धता जताई है कि भविष्य में भी इसी प्रकार की त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे वन संपदा सुरक्षित रह सके और पर्यावरण संतुलन बना रहे।

### अवैध वन संपदा संरक्षण पर वनमंडलाधिकारी का संदेश

वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि वन संपदा की अवैध कटाई और परिवहन पर्यावरण व जंगलों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। विभाग इस पर लगातार नज़र रखे हुए है और त्वरित कार्रवाई कर वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत विभाग को दें ताकि सामूहिक प्रयास से वन क्षेत्र की रक्षा की जा सके।

# अगस्त में चला वारंट तामीली का विशेष अभियान, 77 फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में अगस्त माह के दौरान स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल नेतृत्व में संचालित इस अभियान में जिले के समस्त थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों और उनकी टीमों ने समर्पित प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप कुल 77 स्थायी वारंट तामील किए गए।

अभियान के तहत पुलिस ने पहले गुप्त जानकारी एकत्र कर वारंटियों के निवास और गतिविधियों की जानकारी जुटाई, फिर सुनियोजित कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया। विशेष बात यह रही कि कुछ वारंटी मथुरा (उत्तर प्रदेश) और नागपुर (महाराष्ट्र) जैसे अन्य राज्यों में छिपे हुए थे, जिन्हें स्थानीय पुलिस की मदद से पकड़कर लाया गया।



### थाना सिटी कोतवाली ने निभाई अग्रणी भूमिका

अभियान में सबसे ज्यादा वारंट थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार द्वारा तामिल किए गए, जिसकी संख्या 20 रही। इसके अतिरिक्त थाना भाटापारा शहर ने 15, सिमगा ने 12, भाटापारा ग्रामीण व लवन ने 9-9, पलारी ने 5, गिधपुरी ने 2, जबकि राजादेवरी, बया, कसडोल, गिधौरी और गिरौदपुरी चौकियों ने 1-1 वारंट तामिल किए।

### अभियान की प्रमुख विशेषताएं

इस विशेष अभियान में एनडीपीएस एक्ट, महिला उत्पीड़न, संपत्ति संबंधित अपराध, और कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम से जुड़े मामलों के फरार आरोपियों को पकड़ा गया। जिले की पुलिस ने वारंटियों की पहचान छिपाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहकर अपराध से बचने की रणनीति को नाकाम करते हुए उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा किया।

## वन्यप्राणी शिकार के पूर्व 3 शिकारी रंगेहाथों हुए गिरफ्तार जीआई तार भी हुआ बरामद

**कसडोल।** वन्यप्राणियों के शिकार की कोशिश कर रहे तीन आरोपियों को कसडोल वन विभाग ने रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की है। मामला वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत कसौंदी बीट, कक्ष क्रमांक 244 का है, जहां 31 अगस्त की रात लगभग 9 बजे ये तीनों आरोपी विद्युत GI तार बिछाकर 11 केवी लाइन से जोड़ने की फिराक में थे। जैसे ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, तीनों आरोपियों को शिकार के प्रयास से पूर्व ही धर दबोचा गया।



गिरफ्त आरोपियों में बालाराम बरिहा (50), गणेशराम बरिहा (28), गुनसागर बरिहा (51) शामिल हैं। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई में मौके से करीब 1200 मीटर लंबा GI तार (1.850 किलोग्राम), खाली दवाई शीशी, लकड़ी की खूंटी, प्लास्टिक पाइप, बांस की डांगिनी भी जब्त की गई है। पिछले सप्ताह वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने आदेश दिया था कि शिकार की घटना होने से पहले ही शिकारियों पर शिकंजा कसें। इस निर्देश के बाद 30 अगस्त को देवपुर ▶▶ शेष पेज 10 पर

# 30 हेक्टेयर वनभूमि से हटाए गए 40 अतिक्रमणकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- पेड़ काटकर खेत बनाने की थी तैयारी, लगातार नोटिस के बाद भी नहीं माने कब्जाधारी

वनमण्डल बलौदाबाजार के वन परिक्षेत्र बल्दाकछार अंतर्गत ग्राम खैरवारडीह पंचायत सुखदा में वन विभाग के द्वारा बड़ी कार्यवाही किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विभाग के जमीन पर कब्जा करने वाले 40 लोगो पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए हटाया है।

प्रभारी रेंजर गीतेश बंजारे ने बताया कि लगातार विभाग द्वारा 3 से 4 बार नोटिश जारी कर कब्जा नही करने का फरमान जारी किया गया था लेकिन ग्रामीणों द्वारा नोटिस की अवहेलना कर लगातार कब्जा किया जा रहा था तकरीबन 30 हेक्टेयर जमीन पर पहले अतिक्रमणकारियों ने पेड़ को नुकसान पहुँचाया इसके बाद झाड़ को काटकर मेड बनाने की तैयारी किया जा रहा था जिसपर आज पुलिस और फारेस्ट की संयुक्त टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुऐ हटाया गया है। साथ ही विभाग के द्वारा आगामी कार्रवाई भी किया जा रहा है। इधर कार्रवाई के बाद ग्रामीणों में दहशत है। इधर कब्जाधारी ▶▶ शेष पेज 10 पर

## नेशनल मल्लखंभ चैम्पियनशिप के लिए दो खिलाड़ियों का हुआ चयन

# मल्लखंब में जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर दीपक सोनी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित, उज्जैन में दिखाएंगे दमखम

जिले के मल्लखम्भ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं दो खिलाडी दुष्यंत घृतलहरे और अनाया ठाकुर का चयन उज्जैन में होने वाली राष्ट्रीय म ल्ल खं ब चैंपियनशिप के लिए हुआ है। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को गुलदस्ता देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।



25 वीं राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता कोंडागांव, नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में 28 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बलौदाबाजार के खिलाड़ियों ने रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम चैम्पियनशिप में दूसरा स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। दुष्यंत और अनाया ने व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय स्थान हासिल कर ब्रॉनज मेडल जीता।टीम चैंपियनशिप में रायपुर संभाग ने बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान और बालक वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। आल राउंड चैंपियनशिप मे भी अनाया और दुष्यंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रायपुर संभाग से चयनित 6 खिलाड़ियों में अनाया ठाकुर, अंजली यादव, दुष्यंत घृतलहरे, हरिओम ढीही, नरेश गेंद्रे और अभिषेक कोसरिया शामिल थे।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप



### पार्षदों ने मांगी अपने निधि की जानकारी, अफसरों ने कहा- जोन कमिश्नरों को दे दी

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे सोमवार को महात्मा गांधी सदन में नगर निगम के वित्त विभाग सलाहकार समिति की बैठक में शामिल हुईं। उन्होंने वित्त विभाग के अधिकारियों से विभिन्न मदों और योजनाओं की राशि के संबंध में जानकारी समिति के सदस्यों और सभी पार्षदों को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के सदस्य और पार्षद डॉ. मनमोहन मनहरे, देवदत्त द्विवेदी, मोहन कुमार साहू, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, पार्षद पुष्पा साहू, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद अजय साहू, जोन 10 अध्यक्ष सचिन मेघानी, पार्षद जयश्री नायक आदि उपस्थित रहे।

### न्यूनतम सुविधा पर सेवा दे रहे नर्सिंग कर्मचारी फिर भी वेतनवृद्धि नहीं



**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल के नर्सिंग कर्मचारियों को दैनिक वेतन वृद्धि दिलाने एनएसयूआई ने सोमवार को मोर्चा खोला। एनएसयूआई ने मांग करते हुए कहा है कि आंबेडकर अस्पताल के नर्सिंग कर्मचारियों को भी दैनिक वेतन वृद्धि का लाभ मिलना चाहिए। अन्य शासकीय अस्पतालों की तरह समान अधिकार देने की मांग करते हुए छात्रों ने अधिष्ठाता से मुलाकात की। यह मुद्दा केवल वेतन वृद्धि का नहीं बल्कि सम्मान और समानता का है। जब एक ही राज्य के अलग-अलग शासकीय अस्पतालों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच इस तरह का भेदभाव किया जाएगा तो इससे न केवल नर्सिंग स्टाफ का मनोबल गिरेगा, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज नर्सिंग कर्मचारियों की स्थिति ऐसी है कि वे न्यूनतम सुविधाओं पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं और प्रशासन उनकी आवाज सुनने के बजाय लगातार अनदेखी कर रहा है।

### महाविद्यालय 9 को पुस्तक मेला का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के अन्तर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में 9 सितंबर प्रातः 11 बजे से 5 बजे तक पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। विशिष्ट अतिथि संदीप दीवान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, संदीप घोष पार्षद, कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, रमेश साहू अध्यक्ष पिटियाझर सोसायटी होंगे। कार्यक्रम में अनेक बुक डीपो द्वारा प्रदर्शन लगाई जाएगी।

## पेज 9 के शेष

### वन्यप्राणी शिकार के...

.परिक्षेत्र अधिकारी संतोष पैकरा द्वारा बैठक ली गई, जिसमें प्रत्येक सर्किल को सामूहिक रात्रि गश्त का निर्देश दिया गया। इसी अभियान के तहत 31 अगस्त की रात प्रशिक्षु रेंज ऑफिसर टीकम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में टीम ने चन्हाट सर्किल में रात्रि गश्त के दौरान इन शिकारियों को रंगेहाथ पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2(16), 9, 50, 51, तथा संशोधित अधिनियम 2022 के तहत पीओआर क्र. 15686/04 दर्ज किया गया। 01 सितंबर को तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय कसडोल में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसी शिकार प्रवृत्तियों पर आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### 30 हेक्टेयर वनभूमि ...

चंद्रमा और रेखा ने कहा कि जमीन नही होने कारण उनके द्वारा वनभूमि पर कब्जाकर धान बोया जा रहा था साथ ही उनके द्वारा भू अधिकार भी मांगा जा रहा है लेकिन विभाग के द्वारा नही दिया जा रहा है।

# बलौदाबाजार में धूप दशमी पर जैन समाज में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ पर्यूषण पर्व के छठवें दिन 'उत्तम संयम धर्म' की आराधना

जैन समाज में चल रहे पर्यूषण पर्व का छठवां दिन उत्तम संयम धर्म को समर्पित रहा। यह दिन धूप दशमी के रूप में बड़े श्रद्धा भाव और धार्मिक उल्लास से मनाया गया। संयम धर्म का मूल अर्थ इंद्रियों और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना है, जो आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया। प्रातः श्रीजी का अभिषेक चार सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा किया गया, जिसमें सुधीर कपूरचंद जैन, ऋषभ पार्वती देवी जैन, अनुराग पंडित डीपी जैन और विदित दिलीप जैन को पहला चार कलश चढ़ाने का सौभाग्य मिला। शांति धारा करने का सौभाग्य दिलीप जैन को प्राप्त हुआ।

## भजन, अभिषेक और आरती के साथ गूंजा मंदिर परिसर

### श्रद्धा, शुद्धता और समर्पण की अभिव्यक्ति

जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन और सचिव अमित जैन ने बताया कि धूप दशमी का उद्देश्य आत्मा की पवित्रता और बुरे कर्मों के क्षय की भावना को जाग्रत करना है। दिनभर चले आयोजनों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भाग लिया, जिससे मंदिर परिसर आस्था और भक्ति से सराबोर रहा।





### धार्मिक माहौल में गूंजे भजन, आरती और मंत्र

शाम 4 बजे धूप, दीप और सुगंधित सामग्री अर्पण कर धार्मिक आराधना की गई। महाआरती का सौभाग्य अनिल व आशुतोष लोहाडिया परिवार को प्राप्त हुआ। पदमचंद जैन ने शांति धारा मंत्र का पाठ किया और ऋषभ भैया ने मधुर भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही।

### संयम से आत्मा शुद्ध होती है: दिलीप

धूप दशमी के पावन अवसर पर मंदिर निर्माण अध्यक्ष दिलीप जैन ने कहा कि मन का दास न बनकर, मन को दास बनाना ही संयम का सार है। संयम धर्म का पालन करने से आत्मा शुद्ध होती है और व्यक्ति बुरे कर्मों से मुक्त होता है। यह दिन आत्ममंथन और आत्मसुधार का पर्व है।

**आयोजन :** धार्मिक जागरुकता के साथ सामाजिक सुधार की दिशा में उठाया कदम

# नशा व मांसाहार मुक्त समाज के लिए 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ योगिराज शक्तिपुत्र महाराज के मार्गदर्शन में हुआ भव्य आयोजन, लोगों ने लिया संकल्प

नगर पंचायत कसडोल के सिरपुर रोड निवासी महेश राम साहू के निवास स्थान पर दिनांक 30 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ पूरे श्रद्धा और दिव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।

यह आयोजन भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा संचालित सामाजिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज को नशा, मांसाहार और अन्य कुरीतियों से मुक्त करना है।



संगठन योगिराज शक्तिपुत्र महाराज के मार्गदर्शन में यह अभियान पूरे प्रदेश में चला रहा है।

संगठन के जिला अध्यक्ष नेमीचंद पटेल ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में बढ़ती दुर्घटनाओं और अपराधों का मूल कारण नशा और मांसाहार है। यदि विचारों को पवित्र बनाना है तो भोजन और व्यवहार को भी सात्विक बनाना होगा। उन्होंने सभी से अध्यात्म और संयमित जीवन अपनाने की अपील की।

**घर-घर पहुँच रही है अध्यात्म की अलख :** संगठन द्वारा डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाकर लोगों के घरों में धार्मिक वातावरण का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत एक घंटे की आरती, पांच घंटे की चालीसा पाठ और 24 घंटे की अखंड पाठ का आयोजन किया जाता है। यह क्रम कसडोल और आसपास के गांवों में तेजी से फैल रहा है, जिससे समाज में नैतिकता और शुद्धता का माहौल बन रहा है।

**शक्तिजल बना रोगों का समाधान :** योगिराज शक्तिपुत्र महाराज द्वारा प्रदान किया गया विशेष शक्तिजल अब हजारों लोगों के लिए आशा की किरण बन चुका है। संगठन के अनुसार यह शक्तिजल असाध्य रोगों में चमत्कारी परिणाम दे रहा है।

# कुम्हारी में हुई साइबर सुरक्षा की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ फोन कॉल, फर्जी लिंक और ओटीपी से कैसे बचें - विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण सलाह

ग्राम पंचायत कुम्हारी में पंचायत भवन में सोमवार को एक विशेष साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बढ़ते हुए साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार साइबर ठग फोन कॉल, फर्जी मैसेज, लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से भोले-भाले लोगों को निशाना बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि कभी भी अज्ञात कॉल पर बैंक अकाउंट डिटेल्स, पासवर्ड या ओटीपी साझा न करें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में इसकी सूचना दें। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षित व्यवहार अपनाने, मजबूत पासवर्ड बनाने, दो-स्तरीय सुरक्षा का उपयोग करने और जागरूक नागरिक बनने का संकल्प दिलाया गया। ग्राम पंचायत भवन में हुए इस अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसी जागरूकता गतिविधियां समय-समय पर आयोजित होती रहनी चाहिए। इस अभियान में एस आर ठाकुर, प्र.आर सुजीत तंबोली, कमलेश ठाकुर साइबर वॉलिंटियर प्रभारी आशीष पटेल, प्रशांत पटेल, टेकराम कोसले, जवाहिर प्रधान, आदि उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी-अधिकारी महासंघ ने पॉवर कंपनी में प्रदर्शन कर सौंपा मांग पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नव गठित छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी-अधिकारी महासंघ ने सेवानिवृत्तों की समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के मुख्यालय के सामने सांकेतिक प्रदर्शन कर सभा की। जगजीत वालिया के संचालन में पूर्व अभियंता पीएन सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण देवांगन, प्रदेश महामंत्री पुनारद राम साहू और संजय चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, कंपनी प्रशासन की गलत नीतियों के कारण सेवानिवृत्तों को न तो दवाई मिल पा रही है और न सामान्य खून पेशाब जांच हो पा रही है। कर्मचारी नेताओं ने कहा इस, ओर पूर्व में ही पत्र के द्वारा प्रबंधन के संज्ञान में लाए जाने के बावजूद उचित कदम नहीं उठाए जाने से बाध्य होकर सेवानिवृत्त महासंघ प्रदर्शन को मजबूर हुआ। नेताओं ने हॉस्पिटल को सुव्यवस्थित करने, पेंशन रिस्टोरेशन अवधि 12 वर्ष करने, 15 वर्ष पूर्ण होने पर बगैर औपचारिकता के पूर्ण पेंशन देने, न्यायालय के आदेशानुसार पदोन्नति नीति स्पष्ट करने के कारण पदोन्नति का लाभ सेवानिवृत्तों को भी प्रदान करने, पेंशन पीएफ ट्रस्ट में कर्मचारी सेवानिवृत्त प्रतिनिधि नियुक्त करने, नवा रायपुर में भव्य भवन निर्माण पर पुनर्विचार करने, सेवानिवृत्त होने की तिथि में सभी कर्मचारियों को सभी लाभ प्रदान करने, सक्षम अनुभवी सेवानिवृत्त कर्मियों को संविदा नियुक्ति प्रदान करने, कोरबा की रिक्त भूमि के हस्तांतरण पर रोक लगाते हुए सोलर प्लांट बनाने व रिक्त आवास गृहों को जरूरतमंद सेवानिवृत्तों को आबंटित करने जैसी मांगों के साथ 11 सूत्रीय मांग पत्र पॉवर कंपनी के अध्यक्ष सुबोध सिंह व रोहित यादव के नाम ज्ञापन महाप्रबंधक मानव संसाधन को सौंपा।

### बजरंगदल कार्यकर्ताओं के हत्यारों को दोहरी उम्रकैद

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में दो बजरंगदल कार्यकर्ताओं की हत्या के आरोप में कोर्ट ने चार आरोपियों को दोहरी उम्र कैद के साथ जुर्माना की सजा सुनाई है। जिन लोगों को सजा सुनाई गई है, उनमें पिता-पुत्र भी शामिल हैं। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पंकज सिन्हा की कोर्ट में हुई है। हत्या की वारदात पिछले वर्ष 30 दिसंबर 2024 को चंगोराभाठा शिव मंदिर के पास हुई थी। लोक अभियोजक पूजो मोहिते के अनुसार कोर्ट ने दुर्गेश साहू उसके भाई एवन कुमार साहू पिता खाम सिंह साहू तथा डालेंद्र साहू को कृष्णा यादव, सचिन धनराज बडोले की हत्या के आरोप में कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार कृष्णा तथा सचिन मंदिर के पास बैठे थे। इस दौरान एवन, दुर्गेश, डालेंद्र मौके पर पहुंचे और दोनों को तुम लोग बजरंग दल का कार्यकर्ता बनते हो, दादा बनते हो और हमें उपदेश देते हो कहते हुए विवाद कर मारपीट करते हैं। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर विवाद होता है।

# सड़क सुरक्षा वाद-विवाद प्रतियोगिता में पीएमश्री स्कूल ने मारी बाज़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कसडोल स्थित पीएमश्री स्कूल में कक्षा नवमी से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनमें बहस कौशल को निखारना है। प्रतियोगिता को स्कूल से लेकर राज्य स्तर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विजेता टीमों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे।



जिला स्तरीय प्रतियोगिता पीएमश्री स्कूल बलौदाबाजार में आयोजित की गई, जिसमें 15 स्कूलों की टीमें शामिल हुईं। एमडीवी स्कूल बलौदाबाजार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कसडोल द्वितीय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिसमें प्रथम पुरस्कार 7000 रुपये था।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में पीएमश्री स्कूल कसडोल की टीम ने बड़ी सक्रियता दिखाई। पक्ष टीम में शिखा दिवाकर, शिखा टंडन, ओशिका जायसवाल, तरुण साहू और अनिशा साहू शामिल थे। विपक्ष टीम का नेतृत्व पुष्पेंद्र साहू, काव्य डडसेना, दृष्टि साहू, दीप्ति निषाद और नैन्सी साहू ने किया। स्कूल नोडल प्रभारी व्याख्याता मीना ठाकुर एवं उमाशंकर पटेल ने टीम का मार्गदर्शन किया।

**आगामी प्रतियोगिताओं की जानकारी:** प्रशिक्षकों और अधिकारियों ने आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छात्रों को पूरी तैयारी करने का निर्देश दिया है। यह प्रतियोगिता रायपुर में 6 सितंबर 2025 को आयोजित होगी। कसडोल विकासखंड शिक्षाधिकारी अरविंद ध्रुव, पीएमश्री स्कूल प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा और शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**स्व-सहायता समूहों की सफलता की कहानियां बन रही प्रेरणा का स्रोत**

# 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम से ग्रामीण महिलाओं को मिला सशक्त बनने का मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ प्रदेशभर में एकसाथ प्रसारित हुआ ग्रामीण महिलाओं का प्रेरणादायी रेडियो कार्यक्रम

जनपद पंचायत कसडोल के सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार 'दीदी के गोठ' नामक विशेष रेडियो कार्यक्रम का राज्यव्यापी प्रसारण 31 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे किया गया। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र समेत छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित हुआ, जिसे प्रदेशभर में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सुना।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा की प्रेरणादायी शुभकामनाएं और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कसडोल मंडल अध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूह की दीदियों और पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम का श्रवण किया तथा इसकी सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यहां साझा की गई सफलता की कहानियां अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेंगी।



यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए विकसित किया गया है। इसके माध्यम से स्व-सहायता समूह की सफल महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियां प्रसारित की जाती हैं, जिससे अन्य महिलाएं भी स्वरोजगार की ओर प्रेरित हों। प्रदेश के 33 जिलों, 146 विकासखंडों और 580 संकुल संगठनों में सामूहिक श्रवण किया गया, जिसमें लाखों महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजकुमार जायसवाल, जनपद पंचायत के सीईओ कमलेश साहू एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। 'दीदी के गोठ' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के संघर्ष, आत्मबल और सफलता की कहानियों को उजागर कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला मंच भी है।

# रिटेनिंग वॉल निर्माण की गति धीमी होने पर जताई नाराजगी चबूतरे की लंबाई कम करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ लोककर्म विभाग अध्यक्ष ने करबला तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

नगर निगम के लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने विगम 1 माह से चल रहे करबला तालाब के रिटेनिग वॉल निर्माण की धीमी गति को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर पूरा कराने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही चबूतरे की लंबाई को तोड़कर कम करने और बाउंड्रीवाल में इंटों की गुणवत्ता और बाउंड्रीवाल में एक कालम में गुणवत्ता सुधार करवाने जोन के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए।



दरअसल, नगर निगम जोन 7 के स्वामी आत्मानंद वार्ड के अंतर्गत करबला तालाब में 1 करोड़ 44 लाख की लागत से तालाब सौंदर्यीकरण और रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण सोमवार को लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने और कार्य की गति पाये जाने पर लोक कर्म विभाग अध्यक्ष नाराज हुए।

**खबर संक्षेप**

### अवैध रेत, मुरुम व गिट्टी से भरी 13 हाईवा जब्त

रायपुर। खनिज विभाग की टीम ने मंदिर हसौद क्षेत्र, विधानसभा क्षेत्र एवं माना में अवैध रूप से रेत, मुरुम एवं गिट्टी परिवहन कर ले जाते 13 गाड़ियों को जब्ती बनाया है। इनमें रेत से भरी 8 हाईवा, मुरुम की 2 एवं गिट्टी से भरी 3 हाईवा है। इन सभी गाड़ी मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ जुर्माना लगाया है।

### प्राणी शास्त्र विभाग में छात्र परिषद का गठन अध्यक्ष बनीं अंजलि



**महासमुंद**। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग में छात्र परिषद का गठन एवं एमएससी के नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत प्राचार्य करूणा दुबे की अध्यक्षता किया गया।
कार्यक्रम में प्राचार्य दुबे, प्राणीशास्त्र सहायक प्राध्यापक प्रियंका सोनवानी, प्रियंका चक्रधारी, लैब टेक्निशियन मिलाप सिंह ध्रुव, लैब परिचारक संदीप यादव आदि मौजूद रहे। इस मौके पर प्राचार्य ने परिषद गठन के उद्देश्य को बताया। छात्रों को व्यक्तित्व विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभागध्यक्ष प्रियंका सोनवानी ने बताया कि अध्यक्ष अंजलि साहू, उपाध्यक्ष कुसुम साहू, सचिव भूपेंद्र नागेश, सहसचिव शारदा साहू, कार्यकारिणी सदस्य ट्विंकल साहू, सोनिया दीवान, नोकिता साहू, कंचन पटेल, चंद्रकला, चांदनी साहू शामिल है। इसके बाद व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक के रूप में रसायन विभाग से प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, नम्रता तंबोली एवं भौतिक विभाग से जगदीश सत्यम मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता प्रथम चांदनी साहू, द्वितीय चंद्रकला साहू एवं तृतीय प्रभात चौहान रहे।

# मजबूत संकल्प व नेक इरादे ही सफलता की प्रथम कुंजी : इन्द्र साव

**रेंगाबोड़ में सामुदायिक भवन का विधायक ने किया भूमिपूजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

ग्राम रेंगाबोड़ में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य एवं तहसील साहू समाज के अध्यक्ष रामनाथ साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान विधायक ने क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री एवं रामलीला मंडली के लिए वेशभूषा प्रदान करने की घोषणा किये। विधायक साव ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिस भूमि पर खड़े है यहां भविष्य में एक भव्य भवन का निर्माण होने जा रहा है। भवन केवल ईट और पत्थरों से नहीं बनता, बल्कि उसमें शामिल होती है हमारी भावनाएं, हमारी मेहनत और समाज की उम्मीदे बंधी रहती है।उन्होंने आगे कहा कि यह भवन आने वाले समय में शिक्षा, सेवा, विकास और समाज की प्रगति का केन्द्र बनेगा। भूमिपूजन हमें यह भी याद दिलता है कि जैसे नींव मजबूत होती है वैसे ही हमारे संकल्प भी मजबूत होने चाहिए और मजबूत संकल्प नेक इरादे ही सफलता की प्रथम कुंजी है।विधायक श्री साव ने।क्रिकेट किट और रामलीला मंडली के लिए वेशभूषा देने की घोषणा की जिसका उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।इसके पूर्व विधायक इंद्र साव का ग्राम रेंगाबोड़ पहुंचने पर सरपंच,उपसरपंच सहित ग्रामीणों ने पारंपरिक रूप से फूल मालाओं से स्वागत किया।



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर रामनाथ साहू, नेतराम साहू,सरपंच उप सरपंच विक्की साहू, देवचरण साहू, दिवाकर मिश्रा, नितिन शुक्ला , पंच गण विमल साहू, धनपाल साहू, हरिराम यादव, रामावतार साहू, वीरेंद्र साहू, पुसऊ साहू, श्रवण साहू,बलराम साहू, सेवक साहू,प्रेमलाल साहू, शत्रुघन साहू,नूतन साहू, बेदराम साहू सहित महिला समूह के सभी सदस्य एवं काफी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जनजातीय बाहुल्य गांवों में मनेगा सेवा पखवाड़ा**

# आदि कर्मयोगी अभियान की सभी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे

**मास्टर ट्रेनर्स और स्वयंसेवकों को समय पर दें प्रशिक्षण, हर पंचायत बनेगा सेवा केंद्र**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सभी विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को कर्मयोगी बनकर जनसेवा की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पखवाड़ा चलाया जाएगा, जिसमें जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांवों में योजनाओं का संतृप्तिकरण किया जाएगा। उन्होंने विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और स्वयंसेवकों को पूर्व में प्रशिक्षित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जर्ज़र स्कूल भवनों की स्थिति पर चिंता जताई और यू-डाइस पोर्टल पर समय रहते सूचना अपलोड करने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व, कृषि, नहर संरक्षण, लोक सेवा गारंटी, जनदर्शन और शिकायत निवारण संबंधी कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पंजीयन से वंचित किसानों का तत्काल पंजीकरण कराने, गति शक्ति योजना के तहत भूमि अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाने और नहरों को नुकसान पहुंचाने वालों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**सेवा पखवाड़ा के लिए पूरी तैयारी**

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि 3 से 5 सितंबर तक जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में 184 ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत को "आदि सेवा केंद्र" बनाया जाएगा, जहां पर विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ स्थानीय लोगों को एक ही स्थान पर मिल सकेगा।

**जर्जर स्कूल भवनों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश**

बैठक में कलेक्टर ने यूडाइस पोर्टल पर जर्ज़र भवनों की जानकारी अपलोड नहीं करने वाले प्रधान पाठकों पर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि मरम्मत के लिए प्रधानमंत्री स्कूल विकास योजना के तहत फंड की स्वीकृति तभी मिल सकती है जब जानकारी पोर्टल पर समय से अपलोड हो।

### अशासकीय विद्यालय संचालक समिति ने शिक्षा मंत्री से की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

छत्तीसगढ़ राज्य के नवनियुक्त शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य मुलाकात करने व निजी स्कूलों की समस्याओं से अवगत कराने के लिए अशासकीय विद्यालय संचालक कल्याण समिति जिला बलौदा बाजार भाटापारा के सदस्य गण व ब्लॉक अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष व प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता के साथ दुर्ग में मुलाकात हुई। जिसमें स्कूलों को अब तक माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निशुल्क पुस्तकों के वितरण के संदर्भ में पुस्तक नहीं मिलने की जानकारी और आरटीई की राशि बढ़ाने के संदर्भ में साथ ही आरटीई की राशि को सही समय पर दिलवाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया और निवेदन किया गया।

ज्ञापन सौंपने में जिला बलौदा बाजार के ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत साहू, शिमगा के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, कसडोल के ब्लॉक अध्यक्ष सीपी साहू, आकाश सोनी, आदर्श नौरंगे और अशोक साहू उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी मनीराम रात्रे पिता मयाराम की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पुत्र प्रहलाद रात्रे पिता मनीराम रात्रे को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।


**शोक संदेश**

**परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी, परिश्रम जिसका कर्तव्य था**



**स्व. श्री रामकुमार साहू**

जन्म - 01/07/1972 | स्वर्गवास - 25/08/2025

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि **रामकुमार साहू** 53 वर्ष पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष, LIC अभिकर्ता (MDRT) व भा.ज.पा. के वरिष्ठ कर्मठ नेता तथा भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष का आकस्मिक निधन दिनांक 25/08/25 दिन सोमवार को हो गया है, जिसका दशगात्र कार्यक्रम दिनांक 03/09/25 दिन बुधवार को रखा गया है। आप सभी स्वजनों से निवेदन है कि इस दुख की बेला में सम्मिलित होकर मृतात्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

**संबंधित फर्म -**
श्रीराम इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर एवं बर्तन दुकान
लोकेश इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर एवं बर्तन दुकान
कृष्णा इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर एवं बर्तन दुकान
कृष्णा कलेक्शन (फैमिली क्लाथ स्टोर्स)
ज्योति मोबाइल पाईन्ट
रामेश्वर मोबाइल पाईन्ट, लवन


**कार्यक्रम स्थल**
दशगात्र : 03/09/25 दिन बुधवार
निज निवास : जाड़ा तालाब के पास
मेन रोड, लवन

**विनीत -**
श्रीमती गीतादेवी साहू (पत्नी)
कृष्ण कुमार साहू (भैया)
तारेश, सुदेश, लोकेश (पुत्र)
तेजेश्वर, अजय, अभय (भतीजा)
संदीप साहू, रामेश्वर, गोपेश साहू (भांजा)

टीप : जिस किसी सज्जन को शोक पत्र नहीं मिला है, कृपया इसे ही शोक पत्र समझे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
29 अगस्त 2025
SHOW TIME
परम सुदंरी
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
दंतेला (छ. ग.)
शो समय - 12:00,3:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप


खरोरा । श्री भैरव बाबा गणेश उत्सव समिति खरोरा

### अगरबत्ती फैक्ट्री में चोरी

**महासमुंद।** भलेसर रोड स्थित अगरबत्ती फैक्ट्री में हुई चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी निलेश कुमार पटेल ने बताया कि उसकी अगरबत्ती फैक्ट्री ग्राम भलेसर रोड कमल राईस मिल के सामने स्थित है। 23 अगस्त को दोपहर 3 बजे अपने फैक्ट्री जाकर देखा तो उसके सामने गेट का ताला टूटा हुआ था। फैक्ट्री के अंदर रखा पुरानी ईस्तमाली सामान 05 एजाज मशीन का मोटर, एक नग मिक्सर मशीन का मोटर, बंबू स्टिक, कलर पैकेट, स्टेबलाईजर, अगरबत्ती सेंट, 05 बेग जोश पाउडर, एक नग कैमरा चोरी हो गए थे। साथ ही 1 सितंबर को जब वह सुबह 10 बजे फैक्ट्री गया तो वहां लगा कैमरा, वाईफाई एवं डीवीआर सेट भी नहीं था। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में महिला से मारपीट करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रमशीला बाई यादव वार्ड नं 16 भाठापारा बम्हवनी ने बताया कि 1 सितंबर की दोपहर करीब 1.30 बजे उसके जेठ के लड़के खिलावन यादव, कमल यादव, मनोज यादव घर के सामने आए और गाली गलौज करने लगे। बाहर आकर जब गाली देने से मना किया तब पुरानी रंजिश को लकेर वे लोग जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296 , 3(5) , 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 5 खिलाड़ियों का चयन

**बागबाहरा।** 4 से 7 सितंबर तक पाटन में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए सुखरीडबरी के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें दारिनी पनुरिया कस्तूरबोड, लोक दामिनी, राज नंदिनी सुखरीडबरी, राधा पटेल दावनबोड, उमाशंकर अनवरपुर ये सभी खिलाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी में अध्ययनरत है। इन खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के आधार पर हुआ हैं। इसके पूर्व भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी से खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।


### निधन

**दिव्या वर्मा**



**टुंडरी।** टुंडरी, जिला सारंगगढ़ निवासी कुमारी दिव्या वर्मा का स्वर्गवास दिनांक 1 सितम्बर दिन सोमवार को हो गया। दिव्या श्री गणेश्वर प्रसाद वर्मा एवं श्रीमती सविता वर्मा की सुपुत्री और राजू वर्मा की बहन थी।


## जय गणेश देवा ...


भाटापारा। सदर के राजा गणेश पंडाल।


लवन। सदर लाइन गणेशोत्सव समिति लवन नगर।


बगबुडा। नगर पंचायत लवन वार्ड नं. 15 (खम्हरिया बस्ती) युवा साथी गणेश उत्सव समिति ।


खरोरा। . श्री विघ्नहर्ता गणेश उत्सव समिति पुराना बस


खरोरा । श्री विनायक गणेश उत्सव समिति पुराना देना बैक

पर्व : आरती में विधायक ने की क्षेत्रवासियों की समृद्धि और खुशहाली की कामना

# सुख-समृद्धि के दाता हैं प्रथम पूज्य भगवान गणेश


खरोरा । श्री युवा शक्ति गणेश उत्सव समिति सरकारी अस्पताल


खरोरा । श्री युवा शक्ति गणेश उत्सव समिति सरकारी अस्पताल



खरोरा । काल भैरव महाकाल गणेश उत्सव समिति ग्राम पंचायत



खरोरा । श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति स्टेट बैंक खरोरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

अनाज लाइन हटरी बाजार स्थित नवजागरण गणेशोत्सव समिति द्वारा 51वां गणेश उत्सव इस वर्ष भी भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। हर शाम बैंड-बाजों के साथ होने वाली गणपति आरती में नगर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाता है। इसी क्रम में क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से पंडाल पहुंचे और श्री गणेश जी की आरती कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि प्रथम पूज्य भगवान गणेश को बुद्धि, विवेक, सफलता और समृद्धि का प्रतीक माना गया है।



उनका बड़ा सिर हमें बड़ी सोच रखने, छोटे नेत्र एकाग्रता, और उनका वाहन मुषक विनम्रता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि गणेश जी की आराधना हमें यह सिखाती है कि जीवन की कठिनाइयों से डरने के बजाय बुद्धि, धैर्य और नम्रता से उनका सामना करना चाहिए। इस प्रकार नवजागरण गणेशोत्सव समिति का यह आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम बनता जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान नवजागरण गणेशोत्सव समिति ने विधायक इन्द्र साव का सम्मान किया। समिति ने कहा कि उनके द्वारा आरती में शामिल होना पूरे आयोजन के लिए गौरव का विषय है।

आरती में राजकुमार शर्मा, मोहन केशरवानी, रोशन हबलानी, चंद्रशेखर चक्रधारी, धनंजय तिवारी, सुरेश मंधान, नानू सोनी, जीत्तू शर्मा, नितिन शुक्ला, सत्यजीत शेंडे, मनीष केशरवानी, अनिल सोनी, कमल सेठी, मंतु चक्रवर्ती, कल्लू सोनी, पंकज केसरवानी, प्रमोद केसरवानी, मयंक केसरवानी, विजय सोनी, दीपक केसरवानी, मुन्ना गुप्ता, गोलू यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी, व्यापारीगण एवं समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।


खरोरा । वंदे मातरम गणेश उत्सव समिति शांति नगर केसला


खरोरा । श्री राम परिवार ग्रुप रावण भाटा केसला


खरोरा । श्री ज्वाला गणेश उत्सव समिति रामलीला

# सुन्द्रावन को मिली सीसी रोड की सौगात, विधायक ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भवानीपुर

विकास खंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सुन्द्रावन के मेन रोड से बाजार चौक सी सी रोड का भूमि पूजन विधानसभा कसडोल के विधायक संदीप साहू द्वारा भूमि पूजन किया गया जो की 10 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। विधायक के गांव पहुंचने पर समस्त ग्रामवासी द्वारा उनका हार्दिक अभिनंदन वंदन किया गया और गर्म जोश से उनका स्वागत किया गया।



संदीप साहू ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा विगत कई वर्षों से सी सी रोड का मांग किया जा रहा था जिसे प्रमुखता से लेते हुए सीसी रोड निर्माण के लिए दिया गया है में रोड से ग्रामीण पहुंचने के लिए आज सिद्ध हो रही थी जो अब आवागमन में सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने विधायक के द्वारा सी सी रोड स्वीकृत करने पर उनका आभार प्रकट किया इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, जनपद सदस्य कृष्णा आजाद, संडी बंगला मंडल अध्यक्ष बिरेंद महेश्वरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलकमल आजाद, बंसत चेलक, बरातू ध्रुव, सरपंच चांदनी जायसवाल, उप सरपंच सुभाष घृतलहरे, नीरंजन आजाद, रुपेंद्र चतुर्वेदी, गणेशू सोनवानी, कालीचरण चतुर्वेदी, रामरतन साहू, रामसजीवन साहू, संजय साहू सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कड़ार में हुआ पंडवानी गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

जय श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा ग्राम कड़ार में लोकगीत पंडवानी गायिका दुर्गा साहू कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, ग्राम मे गणेश उत्सव बडे धूमधाम से मनाया जा रहा है समिति के सदस्यों ने लोकगीत पंडवानी के कार्यक्रम का आयोजन रखा जिसमे पंडवानी गायिका दुर्गा साहू की सुन्दर प्रस्तुति ने लोगों का मनमोह लिया और लोगो ने कार्यक्रम का आनंद उठाया, समिति के लोगो ने पंडवानी गायिका का सम्मान करते हुए उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए आभार धन्यवाद दिया।



# दशहरा उत्सव मनाने हुई सर्वदलीय बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय में दशहरा उत्सव को भव्यता पूर्वक मनाने के लिए एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी दशहरा उत्सव की तैयारियों के लिए चर्चा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से इंद्रदेव वर्मा, हितेंद्र ठाकुर बृजमोहन साहू, रोहित साहू, शैलेन्द्र रजक, शेखर वर्मा, मनीष चंद्राकर, झड़ीराम कन्नौजे, संतोष देवांगन, मनोज वर्मा, अमर नाथ खूंटे, रितेश गुप्ता, यमलोक साहू, साधराम साहू, पिंटू वर्मा, लेखु वर्मा, नारायण धीवर, पुनीत निषाद, कृष्णा देवांगन, नेमसिंह बांधे, कुमार धीवर, चेतन वर्मा, रवि ध्रुव डोमार वर्मा, ताजेंद कन्नौजे, शेरखान, राजेंद्र साहू, शैलेन्द्र धीवर, मनीष बघेल, हर्षू वर्मा, दिलीप यादव, पुनीत रजक, सौरभ वर्मा, प्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे ।

धूमधाम से मनाया गया पर्यूषण पर्व का छठवां दिवस

# संयम, सद्गति प्राप्त करने का प्रमुख साधन है: मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व का छठवां दिवस बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया।

इस पावन अवसर पर श्री चंद्र नेमीनाथ भगवान की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर पंकज गदिया ने पाण्डुक शिला में स्थापित किया। तत्पश्चात मंगल अभिषेक संपन्न हुआ, जिसमें पंकज अशोक गदिया परिवार एवं प्रमोद जैन संतोष जैन मयंक जैन परिवार ने शांति धारा का सौभाग्य प्राप्त किया।




भगवान की मंगल आरती सुरपति ले अपने शीश जगत के, ईस गए गिरी राजा की धुन पर भक्तिमय नृत्य के साथ संपन्न हुई। आरती के बाद श्रीजी की प्रतिमा बेदी पर विराजमान कर पर्युषण पर्व की पूजा प्रारंभ की गई। कार्यक्रम के अंत में अक्षत मोदी द्वारा जिनवाणी स्तुति प्रस्तुत की गई और रात्रि कालीन भगवान आचार्य श्री महाराज जी की मंगल आरती संपन्न हुई। कार्यक्रम में नवीन, नितिन, सचिन, पंकज, भावना, गदिया, प्रकाश, आलोक, विनोद, अभिषेक, अक्षत, अभिनव, अभिनंदन, अरिंजय, अविरल, सुमन लता, रजनी, अंशु, नेहा, सुरभि, रोशनी मोदी, अभिलाषा जैन, अनुराग, अंकुश जैन, संतोष मयंक, बबीता जैन सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

**उपवास साधना एवं दान कार्यक्रम:** आज अंजू गदिया द्वारा पंचमेरु उपवास की साधना संपन्न हुई, जिसका पारना कार्यक्रम पांच दिन बाद मंदिर में हुआ। इस अवसर पर नितिन जैन गदिया ने मंदिर को दान राशि भी प्रदान की।

### संयम का महत्व

धर्म सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक मोदी ने संयम को धर्म का छठवां लक्षण बताते हुए कहा कि संयम का अर्थ इंद्रिय विषयों पर नियंत्रण रखना है। संयम से मानसिक शांति मिलती है और यह निराकुलता का साधन है। उन्होंने कहा कि संयम सद्गति प्राप्त करने का प्रमुख साधन है और अपने मन को पवित्र करना भी संयम ही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411